राज्यपाल सचिवालय
राजभवन , जयपुर

मुख्यमंत्री को जन्म दिन पर राज्यपाल की बधाई

—

जयपुर, 8 मार्च। राज्यपाल श्री कल्याण सिंह ने राजस्थान की मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे को उनके जन्म दिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री सिंह ने बुधवार को प्रातः मुख्यमंत्री श्रीमती राजे को पुष्प गुच्छ और बधाई संदेश भिजवाकर शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल श्री सिंह ने श्रीमती राजे को भेजे शुभकामना संदेश में कहा है कि " आप सुदीर्घ आयु प्राप्त करें ओर सदैव स्वस्थ रहें। आपके कुशल नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश निरन्तर प्रगति करे और खुशहाल रहे। "

——0——